From Macherla to Guntur :

		Mache-rla Dep.	Guntur Arrl.
418	Macherla-Bhimavaram Passenger	5.00	8.50
420	Macherla-Guntur Passenger	16.10	19.35

(c) Yes, Sir.

(d) One pair each has been reduced.

कमला-वसान नदी पर रेल-सह-सड़क पुल

4126. **श्री राम देव भंडारी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पूर्वोत्तर रेलवे के कमला-वसान नदी पर रेल-सह-सड़क पुल की स्थिति अत्यंत खराब है;

(ख) क्या यह सच है कि इस पुल पर छोटी दुर्घटनाएं तो अक्सर होती रहती हैं जिन्हें रिकार्ड में दर्ज नहीं किया जाता तथा पुल की स्थिति को देखते हुए हमेशा ही बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है;

(ग) क्या यह सच है कि महीनों पूर्व बिहार सरकार द्वारा पुल की मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध कराये जाने के बावजूद उसकी मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस पुल की मरम्मत कब तक करा देगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, नहीं । पूर्वोत्तर रेलवे पर कमला-बालान नदी पर कोई रेल एवं सड़क पुल नहीं है । निर्माणार्थ यातायात की निकासी के लिए अस्थाई तौर पर रेल पुल पर सड़क डेकिंग की व्यवस्था की गई थी और बिहार की राज्य सरकार के अनुरोध पर बाद में इसे जारी रखने की अनुमति दे दी गई थी । इस डेकिंग की मरम्मत करने की आवश्यकता है ।

(ख) सड़क पर संरक्षा की व्यवस्था करना सड़क प्राधिकारियों का विषय है जो आंकड़ों का हिसाब रखते हैं ।

(ग) और (घ) मई, 1993 में राज्य सरकार द्वारा सड़क डेकिंग की मरम्मत लागत का कुछ भाग ही जमा कराया गया था । इस कार्य के लिए निविदाएं पहले ही जारी कर दी गई है । जनवरी, 1994 तक इस कार्य को पूरा कर लिए जाने की संभावना है ।

दक्षिण-पूर्व रेलवे को उपलब्ध कराये गये माल-डिब्बे

4127. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार दक्षिण-पूर्व रेलवे को उक्त अवधि के दौरान कितने माल-डिब्बे उपलब्ध कराए गए हैं और वर्ष 1991 के अन्त तक दक्षिण-पूर्व रेलवे के पास कुल कितने माल डिब्बे उपलब्ध थे ;

(ख) कितने माल डिब्बे वर्कशाप में मरम्मत के लिए भेजे गए तथा कितने डिब्बों की मरम्मत की गई ;

(ग) 30 जून, 1992 की स्थिति के अनुसार कितने माल डिब्बों को सेवा के अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान दक्षिण-पूर्व रेलवे द्वारा माल डिब्बों की खरीद तथा माल के परिवहन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) दक्षिण-पूर्व रेलवे पर सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान माल डिब्बों (चौपहियों में) की धारिता का दैनिक औसत लक्ष्य और माल डिब्बों की वास्तविक संख्या नीचे दी गई है :—

सातवीं पंचवर्षीय योजना

आमान	लक्ष्य	धारिता
बड़ी लाइन	93200	119317

1991 के अंत में (दिसम्बर 1991)

आमान	लक्ष्य	धारिता
बड़ी लाइन	115000	119317

(ख) कार्यशाला मे मरम्मत के लिए भेजे गए माल डिब्बों की संख्या और जून, 1992 को समाप्त तिमाही में मरम्मत किए गए माल डिब्बों की कारखाना-वार और महीना-वार संख्या नीचे दी गई है :—

(आंकड़े चौपहियों में)

	खड़गपुर		रायपुर	
	मरम्मत के लिए प्राप्त माल डिब्बों की संख्या	मरम्मत किए गए माल डिब्बों की संख्या	मरम्मत के लिए प्राप्त माल डिब्बों की संख्या	मरम्मत किए गए माल डिब्बों की संख्या
अप्रैल, 92	870.5	833	687.5	747
मई, 92	1319.5	762	1074	822
जून, 92	944.5	812	646	804.5

(ग) जून, 1992 को समाप्त तिमाही में बेकार घोषित किए